# वीरांगना रानी दुर्गावती ने प्राणों का बलिदान देकर महिलाओं का गौरव बढ़ाया : सम्पतिया उईके

**मंडला, देशबन्धु।** वीरांगना रानी दुर्गावती का 24 जून को बलिदान दिवस मनाया गया। सर्किटहाउस के सामने रेवांचल पार्क में वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, संदीप सिंह, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष रानू राजपूत, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अधीक्षक श्रीमति प्रभा गुमास्ता के निर्देशन पर जिला स्तरीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास मंडला की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में रानी दुर्गावती की गौरव गाथा का प्रदर्शन किया गया। वीरांगना रानी दुर्गावती की मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान जिला पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। रानी दुर्गावती के शौर्य एवं बलिदान को स्मरण करते हुए मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि रानी दुर्गावती ने आत्म सम्मान की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान देकर महिलाओं का गौरव बढ़ाया





है। उन्होंने अपनी प्रजा को अपने बच्चों की तरह पालन करते हुए उनकी सुख सुविधाओं के लिए जल प्रबंधन और उन्नत कृषि के लिए कार्य किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम एवं नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने भी रानी दुर्गावती के शौर्य को याद किया। इस अवसर पर अधीक्षक श्रीमति प्रभा गुमास्ता के निर्देशन पर जिला स्तरीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास मंडला की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में रानी दुर्गावती की गौरव गाथा का प्रदर्शन किया गया।

## आदिवासियों की जमीन पर से दबंगों का कब्जा हटाया जाए, सौंपा ज्ञापन

**दमोह, देशबन्धु।** देवडोंगरा गांव में कुछ दबंगों द्वारा आदिवासियों की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। जिसके विरोध में गांव के आदिवासी समाज के सैंकड़ों लोग ने मनु मिश्रा के साथ विरोध प्रदर्शन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। मनु मिश्रा ने बताया कि आदिवासी परिवारों के पूर्वज आजादी के समय से जमीन पर खेती कर रहे हैं। उस जमीन पर उनका कब्जा है लेकिन राजस्व विभाग और पटवारी की मिली भगत से उस जमीन का पट्टा गांव के ही दबंग लोगों को दे दिया गया। अब वे गुंडागर्दी से जमीन आदिवासियों से छुड़ा रहे हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कवि चंद्रभान सिंह लोधी ने बताया कि भोले भाले आदिवासियों पर यह सरकार जुल्म ढा रही है। जब आजादी के समय से उस जमीन पर आदिवासियों का कब्जा है, वो लोग खेती करके अपना जीवन यापन चला रहे हैं। तो फिर उस जमीन का पट्टा किसी और लोगों का कैसे हो गया। कहीं ना कहीं इसमें राजस्व विभाग की टीम मिली हुई है। आगे उन्होंने कहा यदि प्रशासन ने जमीन के पट्टे उन आदिवासियों को वापस नहीं दिए तो एक बहुत बड़ा आंदोलन की तैयारी करेंगे। ज्ञापन देने पहुंचे पूर्व नपा अध्यक्ष मनु मिश्रा, नीलेश सिंह, वकील सींग आदिवासी, हल्ले आदिवासी, नितिन मिश्रा, गुड्डा तिवारी, कवि चंद्रभान सिंह लोधी सहित सैकड़ों महिलाएं भी शामिल रही।

## सार-समाचार




### वैश्य महासम्मेलन द्वारा मनाया सेवा दिवस

**मंडला,देशबन्धु।** मंडला जिला इकाई द्वारा 25 जून को उमाशंकर गुप्ता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व गृह मंत्री मध्यप्रदेश शासन जिन्हें शिरोमणि संरक्षक की उपाधि से नवाजा गया । वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पूरे प्रदेश में संगठन के सदस्यों के द्वारा ''सेवा दिवस'' के रूप मनाया जाता है। इसी तारतम्य में मंडला जिला इकाई के सदस्यों के द्वारा मंडला नगर के महिष्मति घाट में वृद्धाश्रम में सभी वृद्धों को फलों का वितरण एवं वृक्षारोपण किया गया। आज के कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष अशोक गोयल, जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष रंजीत कछवाहा, जिला संगठन मंत्री अखिलेश सोनी, जिला मंत्री इंद्रेश (बब्बल) खरया, नरेश कछवाहा, ओमप्रकाश, अशोक सोनी,बृजेश चैरसिया, गजेंद्र गुप्ता,महिला इकाई अध्यक्ष अनीता गोयल जिला महामंत्री अनीता राय जी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में 57.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मण्डला,देशबन्धु।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 25 जून 2025 के दौरान 221.3 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 72.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 148.8 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 जून 2025 को मंडला में 162.8 मि.मी., नैनपुर में 22.6, बिछिया में 24, निवास में 68.4, घुघरी में 48.6 मि.मी. एवं नारायणगंज में 18.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 25 जून 2025 को 57.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### बंद ऋतु में विभागीय दल ने जब्त की 40 किलोग्राम मछली

**मण्डला,देशबन्धु।** 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है, जिसमें मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं मत्स्य परिवहन आदि प्रतिबंधित है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि बंद ऋतु में अवैधानिक मत्स्याखेट मत्स्य विक्रय एवं मत्स्य परिवहन आदि की निगरानी एवं चैकिंग हेतु विभागीय दल गठित किया गया है। 24 जून 2025 को विभागीय अमले द्वारा रामनगर बाजार एवं अंजनिया बाजार में अवैधानिक मत्स्याखेट की जांच की गई। जांच के दौरान लगभग 40 किग्रा मछली जप्त की गई तथा मछली की नीलामी कर 1600 रूपए राशि शासन के मद में जमा किया गया है। विभागीय निरीक्षण दल में सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री एलएस सैयाम, सहायक मत्स्य अधिकारी श्री एचके भगत, सहायक मत्स्य अधिकारी श्री आरआर धुर्वे, मत्स्य निरीक्षक श्री पीआर वैद्य तथा श्री संजय वरकडे, श्री चमरालाल भारतीया उपस्थित थे।

### रतलाम में रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉनक्लेव 27 को

**मंडला, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में रतलाम जिला मुख्यालय में 27 जून को आयोजित किया जा रहा है जिसका लाईव प्रसारण भी किया जायेगा। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन योजना भवन मण्डला में किया जायेगा जिसमें शासन द्वारा संचालित रोजगार/स्वरोजगार मूलक योजनाओं में हितलाभ जनप्रतिनिधि के माध्यम से प्रदाय किया जावेगा। जिले के सभी उद्योगपतियों को शासन की ओर से एमएसएमई प्रोत्साहन योजनांतर्गत पात्र इकाईयों को मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से अनुदान राशि एवं भूमि आवंटन पत्र जनप्रतिनिधि के माध्यम से प्रदाय किया जावेगा। अन्य चयनित जिलों के सीधे उद्योगपतियों एवं स्वरोजगार मूलक योजना अंतर्गत हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद किया जाएगा। अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने की तैयारियां रखें . कमिश्नर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश। कमिश्नर जबलपुर श्री धनंजय सिंह भदौरिया ने संभाग के सभी जिला कलेक्टर्स की वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारी रखेंए साथ ही मानसून के दौरान होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए मेडिकल की टीमें गठित रखें।

# आज का फलता-फूलता लोकतंत्र आपातकाल के संघर्ष का परिणाम है : मंत्री उइके

**मंडला, देशबन्धु।** योजना भवन में 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर संविधान हत्या दिवस आयोजित कर इमरजेंसी की विभीषिका के विषय में लोगों को जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान वर्ष 1975 के मीसाबंदियों एवं उनके परिवारजनों का सम्मान किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी द्वारा अपनी कुर्सी बचाने के लिए 25 जून 1975 को देश पर इमरजेंसी थोपी इसके बाद विपक्ष के नेताओं को जबरन जेलों में डाला गया। आज का फलता-फूलता लोकतंत्र आपातकाल के संघर्ष का परिणाम है।

मीसाबंदियों पर जेलों में अत्याचार किए गए। आपातकाल की इस विभीषिका को लोग जानें और समझें



इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में लोकतंत्र हत्या दिवस आयोजित कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के सेनानियों ने इमरजेंसी के दौरान किए गए अत्याचारों के सामने घुटने नहीं टेके और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए संघर्ष किया,

## संविधान हत्या दिवस पर मीसाबंदियों का किया सम्मान

जिसका परिणाम था कि 1977 के चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी को हार का सामना करना पड़ा।

आज हमें उन लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करने का अवसर मिला है उन्होंने इस देश के महान लोकतंत्र का बचाने के लिए जेल तक जाना स्वीकार किया था। आज लघु फिल्म के माध्यम से इमरजेंसी की वास्तविकता लोगों को बताई गई। ऐसी लघु फिल्मों का प्रदर्शन हमें समाज के सामने करना चाहिए जिससे लोग लोकतंत्र के उस काले अध्याय के बारे में जान सकें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है। यह समय देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक रहा। मीसाबंदियों ने इस दौरान जिस तरह के अत्याचार का सामना किया उसकी कल्पना ही हमें डरा देती है। मीसाबंदी बालकिशन खंडेलवाल ने कहा कि आज का दिन कोई उत्सव का दिन नहीं है यह निंदा का दिन है। आपातकाल के समय हमने बिना किसी अपराध के जेल में समय गुजारा, मंडला से हमें नरसिंहपुर और जबलपुर के जेलों में रखा गया। आज का दिन विरोधियों को कुचलने वालों की निंदा करने का दिन है। शहर के एक अन्य मीसाबंदी सावलदास पमनानी ने कहा कि आज इतने वर्षों बाद भी जब हम इमरजेंसी के समय को याद करते हैं तो हमारे द्वारा सही गई यातनाओं की याद आती है। उस समय हम पर मिथ्या आरोप लगाकर जेल में डाल दिया गया था। अपनी बात कहने या पक्ष रखने का अवसर भी नहीं दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान आपातकाल के समय संघर्ष करने के लिए सावलदास पमनानी, बालकिशन खंडेलवाल, प्रकाशचंद जैन, राजकुमार चंद्रौल का साल तथा श्रीफल देकर सम्मान किया गया। साथ ही स्वर्गीय मीसाबंदियों के परिजनों श्रीमती गायत्री यादव, दीपक शर्मा, मोहम्मद समीम को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, वरिष्ठ समाजसेवी रोचीराम गुरवानी सहित संबंधित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश उपाध्याय ने किया।

# बारिश और बाढ़ से निपटने की तैयारी रखें : कमिश्नर

## वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**मंडला, देशबन्धु।** कमिश्नर जबलपुर श्री धनंजय सिंह भदौरिया ने संभाग के सभी जिला कलेक्टर्स की वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारी रखें, साथ ही मानसून के दौरान होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए मेडिकल की टीमें गठित रखें। बैठक में आरसीएमएस के प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, सीपी ग्राम, सीएम हेल्पलाइन, विभागीय जांच, अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण, मानक खाद-बीज एवं गुणवत्ता नियंत्रण, कृषि उत्पादन आयुक्त की बैठक की तैयारी, एसटीएससी छात्रवृत्ति, अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण प्रकरण, सीएम मानिट/सीएस मानिट प्रकरणों के निराकरण, समग्र ई-केवायसी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा लेबर बजट तथा जल



गंगा संवर्धन सहित अन्य विषयों पर जिलावार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। मण्डला एनआईसी कक्ष से समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

## मत्स्य विभाग ने की बंद ऋतु में कार्रवाई, 3 सौ किग्रा मछली जब्त

**डिंडोरी, देशबन्धु ।** मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत 18 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है, जिसके अंतर्गत मत्स्योखेट, मत्स्य विक्रय तथा मत्स्य परिवहन आदि गतिविधियाँ प्रतिबंधित हैं।उक्त आदेश के परिपालन में 24 जून 2025, मंगलवार को मत्स्योद्योग विभाग डिंडौरी द्वारा सघन कार्रवाई की गई। प्रभारी सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री आर.के. चंदेल के नेतृत्व में गठित दल जिसमें श्री विशाल शरणागत, मत्स्य निरीक्षक, श्री बी.के. सिरसाम, मत्स्य निरीक्षक तथा चौकीदार श्री दशरथ प्रसाद वरकडे सम्मिलित थे। कार्रवाई के दौरान कुल 300 किग्रा मेजर कार्प प्रजाति की मछली जप्त की गई, जिसकी नीलामी कर 11000/- की राशि शासन के खाते में जमा कराई गई।

## अवैध शराब बिक्री केन्द्रों पर छापा

**डिंडोरी, देशबन्धु।** नगरीय एरिया डिंडोरी वा ग्रामीण क्षेत्र में 4 जगह आबकारी विभाग एवं राजस्व विभाग के साथ सयुक्त रूप से ढाबा एवं मकानों में छापा मार करवाही की गई जिसमे छोटी बाई राठौर के रिहायशी मकान से 32 बोतल हंटर बियर,27 केन हंटर बियर ,देशी मदिरा प्लेन 39 पाव , मेक डावल विश्की 15 पाव ,8 पाव मेक डावल रम की जपती करवाही कर आबकारी अधिनियम 1915, संशोधन 2000 की धारा 34(1)का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ।

# टोने टोटके से परेशान परिवार पहुंचा थाने

## लौंग लगा नींबू फेंक जाता है कोई कार वाला, सीसीटीवी फुटेज भी सौंपा

**दमोह, देशबन्धु ।** क्या लौंग और नींबू आपको दहशत में डाल सकता है या इन्हें देखकर आप डर सकते हैं? शायद नहीं, लेकिन मध्य प्रदेश के दमोह में इन दिनों एक परिवार और उसके आसपास रहने वाले लोग नींबू और लौंग से काफी दहशत में है. लोगों ने इस बात की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है. दरअसल दमोह शहर के तीन गुल्ली इलाके में रहने वाले गुप्ता परिवार की शिकायत है कि उनके घर और दुकान के सामने उन्हें कई दिनों से सुबह-सुबह एक नींबू डला मिलता है. इतना ही नहीं इस नींबू में लौंग लगी हुई होती हैं.

जब कई दिनों तक उन्हें ऐसी ही स्थिति में नींबू मिला तो उन्होंने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले. तब पता चला कि एक काले रंग की कार उनके घर के सामने से गुजरती है. फिर इसी कार से कोई शख्स इस नींबू को फेंकता है.नींबू को देखर फैली दहशत, नजर पड़ते ही भागे-भागे थाने पहुंच गया पूरा परिवार ।

परिवार का कहना है कि उन्हें टोना टोटके की शंका है. उन्होंने इस विधा के लोगों से बात भी की है. इसके बाद लौंग लगे नींबू को लेकर उनका परिवार पुलिस कोतवाली पहुंचा. यहां उन्होंने उस



नींबू को पुलिस को सौंपते हुए सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया और शिकायत दर्ज कराई की नींबू फेंकने वाले शख्स को पकड़ा जाए ।

दमोह पुलिस के पास आए इस अजीबो गरीब मामले के बाद अब पुलिस के लिए भी नींबू की कहानी पहेली बन गई है. कोतवाली टीआई मनीष कुमार के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार की तलाश की जा रही है. इसके जरिए उस शख्स तक पहुंचा जाएगा जो ये नींबू फेंक रहा है. इसके बाद सारी बातें सामने आएंगी ।

# एनएच-45 पर दस्तावेज की जांच 12 वाहनों पर की चलानी कार्रवाई

**डिंडोरी, देशबन्धु।** डिंडौरी में जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे 45 पर टांकी नाला के पास ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों की चेकिंग शुरू की। बुधवार सुबह 10 बजे चेकिंग के दौरान सड़क के दोनों तरफ ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस वाहनों को रोककर ड्राइवरों के दस्तावेजों की जांच कर रही है। जांच में सामने आया कि कई ड्राइवरों के पास वाहन के जरूरी दस्तावेज नहीं हैं। न ही उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस है। कई लोग हेलमेट भी नहीं पहन रहे हैं। वाहनों का बीमा और प्रदूषण कार्ड भी नहीं मिला।

**ट्रैफिक नियमों का पालन करने की दी नसीहत** - यातायात पुलिस एएसआई रामरूप विश्वकर्मा ने बताया कि वाहन चालकों को कई बार ट्रैफिक नियमों का पालन करने की नसीहत दी जा चुकी है। फिर भी जिला मुख्यालय आते समय लोग न तो हेलमेट लगा रहे हैं और न ही जरूरी



दस्तावेज रख कर चल रहे हैं। चेकिंग के दौरान सड़क के दोनों तरफ ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

**लोग बोले- हर दिन चेंकिंग से होती है परेशानी** - रोजाना काम के लिए आने वाले लोगों ने बताया कि उन्हें प्रतिदिन जिला मुख्यालय आना पड़ता है। आए दिन ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग से वे परेशान हैं। पुलिस ने अब तक 12 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है और चेकिंग अभियान जारी है।